## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने दूर दराज के क्षेत्रो आए लोगो की सुनी समस्याएं



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में जिले के ग्राम चंदेला निवासी तीरथ सिंह कंवर ने चंदेला में बने शासकीय हैंडपंप को अतिक्रमण मुक्त कराने, धनपुरी वार्ड नम्बर 17/21 निवासी पारो सोनवानी ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलवाने, ग्राम धरी-2 निवासी सिद्वार्थ द्विवेदी ने लैपटॉप योजना की राशि दिलाने, ग्राम बंधवाबाडा निवासी गरजू बैगा ने उपचार हेतु आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने हेतु आवेदन किया। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अन्य प्राप्त आवेदनों को कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर प्रेषित कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शिवम प्रजापति, अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

### राज्य स्तरीय मोंगली बाल उत्सव में 4 विद्यार्थी निभा रहे सहभागिता



**शहडोल।** लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार विगत दिनों राज्य स्तरीय मोंगली बाल उत्सव प्रतियोगिता के चयन के लिए जिला स्तरीय मोंगली बाल उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन शहडोल में किया गया था। एपीसी अरविंद पाण्डेय ने बताया कि सिवनी जिले में आयोजित राज्य स्तरीय मोंगली बाल उत्सव प्रतियोगिता के लिए कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग के 4 विद्यार्थियो का चयन किया गया है, जिसमें कनिष्ठ वर्ग में सुवेंद्र कुमार पटेल, अंजली केवट एवं वरिष्ठ वर्ग में चंद्रप्रकाश यादव, निधि पाण्डेय का नाम शामिल है। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय मोंगली बाल उत्सव प्रतियोगिता 27 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में जिले के 4 विद्यार्थी सहभागिता निभा रहे है।

### कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई



**शहडोल।** उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पाण्डेय एवं संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश ने संभाग के दूर-दराज के क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और उनके निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में शहडोल जिले के ग्राम चंगेरा निवासी दानबहादुर सिंह ने नक्शा तरमीम सुधार करवाने, अनूपपुर जिले के ग्राम उरा निवासी गोपाल केवट ने नक्शा सुधरवाने, ग्राम अहिरगंवा निवासी लक्ष्मण सिंह ने वन भूमि का पट्टा दिलाने हेतु आवेदन दिए। उपायुक्त ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अन्य अवेदकों ने भी अपनी शिकायतें एवं समस्याओं संबंधी आवेदन उपायुक्त को दिए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिना अनुमति भूखंड बिक्री का खुला खेल, रेरा के नियमों और कानून की उड़ रही धज्जियां

# शहडोल में 'निर्वाण कॉलोनी' पर खामोश जिम्मेदार

शहडोल।

संभागीय मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत गोरतरा की भूमि पर इन दिनों निर्वाना कॉलोनी नाम से अवैध भूखंड बिक्री का बड़ा खेल चल रहा है। इस कॉलोनी में न तो शासन से कोई अनुमति ली गई है, न ही रेरा (रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण) में पंजीयन कराया गया है, बावजूद इसके यहां खुलेआम प्लॉटों और भवनों की बिक्री की जा रही है। शासन और प्रशासन की नाक के नीचे यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग मौन साधे हुए हैं। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि यह भूमि पहले परिवहन विभाग के स्वामित्व में थी, बाद में कई बार खरीद-फरोख्त और कथित नीलामी के बाद इसे कुछ निजी लोगों ने निर्वाण कॉलोनी के नाम से विकसित करना शुरू कर दिया। यहां सोशल मीडिया और विज्ञापनों के माध्यम से प्लॉट बिक्री के लिए खुलेआम प्रचार किया जा रहा है, जबकि रेरा अधिनियम 2016 के तहत बिना पंजीयन यह पूरी तरह गैरकानूनी है।






### रेरा कानून का खुला उल्लंघन

रेरा अधिनियम की धारा 3(1) स्पष्ट रूप से कहती है कि कोई भी बिल्डर या कॉलोनी विकसित करने वाला व्यक्ति तब तक न तो विज्ञापन जारी कर सकता है और न ही प्लॉट या मकान बेच सकता है जब तक उसका प्रोजेक्ट संबंधित राज्य की रेरा प्राधिकरण में पंजीकृत न हो। इसके अलावा, अधिनियम की धारा 14(3) और 17(1) के अनुसार कॉलोनी का पंजीयन तभी मान्य होता है जब वहां सडक़, नाली, सीवेज, पानी की टंकी, पार्क, मंदिर, बिजली व्यवस्था, जल संरक्षण और निस्तार प्रणाली जैसी बुनियादी सुविधाएं पूरी तरह तैयार और निरीक्षणित हों, लेकिन निर्वाण कॉलोनी में न तो सडक़ें बनी हैं, न नाली या बिजली व्यवस्था, फिर भी डेवलपर भूखंड बेच रहे हैं। यह न केवल रेरा अधिनियम का उल्लंघन है बल्कि खरीदारों के साथ सीधी धोखाधड़ी है।

### धोखाधड़ी पर सख्त दंड का प्रावधान

रेरा अधिनियम के तहत ऐसे मामलों में कठोर दंड का प्रावधान है। धारा 59(1) बिना पंजीयन प्रोजेक्ट बेचने पर प्रोजेक्ट लागत का 10 प्रतिशत तक जुर्माना लगाया जा सकता है। धारा 59(2) अगर उल्लंघन जारी रहता है, तो 3 साल तक कारावास या अतिरिक्त 10 प्रतिशत जुर्माना या दोनों सजा हो सकती है। धारा 60 झूठी जानकारी देकर पंजीकरण लेने पर 5 प्रतिशत जुर्माना। धारा 65 बिना पंजीयन कोई एजेंट यदि भूखंड बेचता है, तो 10 हजार रुपये प्रतिदिन या कुल सौदे की 5 प्रतिशत राशि तक दंडित किया जा सकता है। यहां तक कि भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 406 (विश्वासघात) के तहत भी ऐसी गतिविधियों पर आपराधिक मामला दर्ज किया जा सकता है।

### जिम्मेदार विभागों की खामोशी पर सवाल

शहडोल जैसे संभागीय मुख्यालय में बिना अनुमति कॉलोनी विकसित हो रही है और नगर पालिका परिषद, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग (टीएंडसीपी) तथा रेरा प्राधिकरण तीनों खामोश हैं। न तो अब तक किसी अधिकारी ने स्थल निरीक्षण किया, न ही किसी ने पंजीयन प्रमाणपत्र मांगा। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह सारा खेल विभागों की मिलीभगत से चल रहा है। जिन अधिकारियों की जिम्मेदारी निगरानी और कार्रवाई की है, वही आँख मूँद कर बैठे हैं।

### राजस्व और भूमि उपयोग नियमों की अनदेखी

नगर पालिका अधिनियम और भू-राजस्व संहिता के अनुसार किसी भी कॉलोनी विकास से पूर्व भूमि का भू-उपयोग परिवर्तन (डायवर्जन), सीमा निर्धारण और स्वीकृति आवश्यक है। परंतु निर्वाना कॉलोनी में यह सारी प्रक्रियाएं पूरी नहीं हुईं। सूत्रों का कहना है कि कुछ भूखंडों का मूल स्वामित्व अब भी परिवहन विभाग के नाम दर्ज है। ऐसे में इन प्लॉटों की खरीद-बिक्री पूरी तरह अवैध और कानूनी दृष्टि से निरस्त मानी जाएगी।

### शासन-प्रशासन की निष्क्रियता से बढ़ा भ्रष्टाचार

यह मामला यह दर्शाता है कि जब शहडोल जैसे प्रमुख केंद्र में कानूनों की खुलेआम अवहेलना की जा सकती है, तो छोटे शहरों और कस्बों में स्थिति कितनी भयावह होगी। रेरा और नगर नियोजन विभाग की निष्क्रियता ने रियल एस्टेट क्षेत्र को मनमानी का अड्डा बना दिया है। प्रशासनिक शिथिलता ने भ्रष्टाचारियों का हौसला इतना बढ़ा दिया है कि अब कॉलोनी विकास भी बिना अनुमति और निगरानी के किया जा रहा है।

### जनता को भ्रमित करने का अपराध

रेरा अधिनियम की धारा 12 के अनुसार यदि कोई प्रमोटर झूठे दावे, भ्रामक विज्ञापन या अधूरी जानकारी देकर लोगों को संपत्ति खरीदने के लिए प्रेरित करता है, तो यह भ्रांत प्रचार और धोखाधड़ी की श्रेणी में आता है। खरीदारों को न केवल धनवापसी का अधिकार है, बल्कि ब्याज सहित हर्जाना और डेवलपर पर कानूनी कार्यवाही का भी अधिकार प्राप्त है। निर्वाना कॉलोनी में सोशल मीडिया और ब्रोशर के माध्यम से 'तैयार कॉलोनी' बताकर खरीदारों को भ्रमित किया जा रहा है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि कॉलोनी में न सडक़ें हैं, न नाली, न बिजली और न पानी की सुविधा।

### प्रशासनिक जांच और कार्रवाई की मांग

जनता और सामाजिक संगठनों की मांग है कि शहडोल कलेक्टर, नगर पालिका, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और रेरा अधिकारी तत्काल संयुक्त जांच कर इस पूरे प्रकरण की सच्चाई उजागर करें। यदि यह सिद्ध होता है कि कॉलोनी बिना पंजीकरण और अनुमति के विकसित की जा रही है, तो संबंधित डेवलपर, एजेंट और विभागीय अधिकारियों पर धोखाधड़ी, कर अपवंचन और रेरा अधिनियम उल्लंघन की धाराओं में कठोर कार्रवाई की जाए।



## जिला फुटबाल संघ शहडोल फाइनल में प्रवेश किया

शहडोल।

मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के निर्देशन एवं जिला फुटबाल संघ अनूपपुर के तत्वाधान में इंटर डिस्ट्रिक्ट ईस्ट जोन फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन अनूपपुर में किया जा रहा है, पहले सेमीफाइनल मैच में जिला फुटबाल संघ शहडोल ने जिला फुटबाल संघ सिंगरौली को 2-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जिसका ,फाइनल मैच दूसरा सेमीफाइनल मैच जबलपुर एवं अनूपपुर से विजेता से 30 अक्टूबर को खेला जाएगा, इस टूर्नामेंट में 7 जिलों की टीमों ने भाग लिया। जिसमें जिला फुटबाल संघ जबलपुर, सागर, सिंगरौली, अनूपपुर, सतना, रीवा की टीमें शामिल हैं।

मध्य प्रदेश के जिलों को 4 जोन में बांटा गया है, सभी जोन से दो-दो टीमे निकलकर फानल राउंड में खेलेगी। फाइनल राउंड से मध्य प्रदेश फुटबॉल टीम का चयन किया जाएगा जो राष्ट्रीय प्रतियोगिता संतोष ट्रॉफी में भाग लेंगी। जिला फुटबॉल संघ शहडोल टीम के कप्तान है मोहम्मद जैद, कोच नीलेंद्र कुंडे मैनेजर बृजेंद्र कुंडे हैं।

टीम के फाइनल पहुंचाने पर जिला फुटबाल संघ शहडोल की संरक्षक एवं विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह, जिला फुटबाल संघ शहडोल के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छाबड़ा फुटबॉल संघ के कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद जकरिया फारुकी, उपाध्यक्ष ,सफदर हुसैन बोहरा, बालाकृष्ण बंगारी, ए के मोहंती, निलेश निगम, जिला फुटबाल संघ के सचिव रईस अहमद,सहसचिव योगराज, कोषाध्यक्ष अनिल सिंह द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

## दिनदहाड़े बाइक की डिक्की से एक लाख की चोरी

शहडोल।



जिले में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। अब चोरों ने दिनदहाड़े एक और वारदात को अंजाम देकर पुलिस की नींद उड़ा दी है। जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के अमझोर स्थित एक निजी कॉलेज के सामने खड़ी मोटरसाइकिल की डिग्गी से एक लाख रुपये नकद चोरी हो गए। पूरी घटना कॉलेज के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

पुलिस के अनुसार पीड़ित विनीत पांडे निजी कॉलेज में कर्मचारी हैं। सोमवार को वे बैंक से एक लाख रुपये निकालकर कॉलेज पहुंचे थे। उन्होंने रकम बाइक की डिग्गी में रखी और कॉलेज के भीतर चले गए। कुछ ही मिनट बाद जब वे बाहर लौटे, तो डिग्गी टूटी हुई थी और रकम गायब थी। आसपास पूछताछ करने पर उन्हें पता चला कि दो संदिग्ध युवक पल्सर मोटरसाइकिल में सवार होकर कॉलेज के सामने आए थे।

सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट दिख रहा है कि एक बदमाश बाइक पर ही सवार रहा, जबकि दूसरा नीचे उतरकर कॉलेज के सामने खड़ी मोटरसाइकिल की डिग्गी तोड़ता है और उसमें रखे नकद रुपये निकाल लेता है। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों बदमाश तेजी से मौके से फरार हो जाते हैं। घटना की जानकारी मिलते ही जयसिंहनगर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

स्थानीय नागरिकों ने कहा कि क्षेत्र में इस तरह की चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। पुलिस से मांग की गई है कि शहर में गश्त बढ़ाई जाए और संदिग्ध तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाए।

# मतदाता सूची के शुद्धिकरण हेतु विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू



शहडोल।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकतंत्र को सशक्त बनाने के उद्देश्य से देश के 12 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) के दूसरे चरण की घोषणा की गई है। इसमें मध्यप्रदेश भी शामिल है। इस दौरान राज्य के 65 हजार 14 मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जाएगा, जिसके लिए 1 लाख 19 हजार 40 बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से विवरण एकत्र करेंगे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने जिले में आयोजित बैठक में बताया कि यह प्रक्रिया 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक चलेगी। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसंबर 2025 को होगा, दावे और आपत्तियां 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक स्वीकार की जाएंगी, वहीं अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमृता गर्ग, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, पत्रकार एवं निर्वाचन अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बीएलओ 27 अक्टूबर 2025 की स्थिति में प्रत्येक मतदाता के लिए गणना प्रपत्र तैयार कर घर-घर जाएंगे। इस दौरान नए मतदाताओं के नाम जोडऩे के लिए फॉर्म-6 भरे जाएंगे, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाए जाएंगे और डुप्लीकेट प्रविष्टियों की जांच की जाएगी। मतदाता सूची के शुद्धिकरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बीएलओ कम से कम तीन बार घर-घर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि वृद्ध, दिव्यांग, बीमार या कमजोर वर्गों की सुविधा हेतु स्वयंसेवक (वालेंटियर) नियुक्त किए जाएंगे। पहचान के लिए आयोग द्वारा 12 प्रकार के दस्तावेजों को मान्यता दी गई है, जिनमें सरकारी पहचान पत्र, पासपोर्ट, जन्म प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार संबंधित दस्तावेज, जाति प्रमाण पत्र आदि शामिल हैं। आयोग का उद्देश्य आगामी चुनावों से पूर्व मतदाता सूची को पूर्णतः शुद्ध, अद्यतन और पारदर्शी बनाना है।



## 18 हाथियों का कहर, फसलों पर तांडव, वन विभाग बेखबर!

**शहडोल।** जिले में ब्यौहारी के बाद अब जयसिंहनगर में भी हाथियों ने आतंक मचा रखा है। करीब 18 हाथियों का झुंड पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र के देवरा, कतिरा और जमुनिहा गांवों में घूम रहा है, जहां उन्होंने किसानों की मेहनत की कमाई, धान की फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया है। ग्रामीणों में दहशत का माहौल है, लेकिन वन विभाग अभी तक हाथियों की दिशा और उत्पत्ति तक स्पष्ट नहीं कर पाया है। ग्रामीण किसान खेम सिंह ने बताया कि हर रात हाथियों का यह झुंड जंगल से निकलकर खेतों में घुस जाता है और फसल को कुचल देता है। हम पूरी रात जागते हैं, ढोल-थाली बजाते हैं, लेकिन हाथी डरते नहीं। अब तक 10 एकड़ से अधिक फसल तबाह हो चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह हाथी संभवतः बांधवगढ़ जंगल क्षेत्र से आए हैं, लेकिन वन विभाग की टीमें अब तक उनकी गतिविधियों पर नियंत्रण नहीं कर पाई हैं। वनकर्मियों की टीमें सिर्फ निगरानी में लगी हैं, जबकि किसान रोज अपनी फसल उजड़ते देख रहे हैं। गौरतलब है कि ब्यौहारी और देवलौंद क्षेत्रों में भी इन दिनों जंगली हाथियों का झुंड सक्रिय है, जिसने कई गांवों में खेतों और घरों में तोडफ़ोड़ मचाई है। जयसिंहनगर में भी हालात बिगड़ते जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही हाथियों को खदेडऩे के लिए ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो सकती है। वन विभाग की ओर से अब तक कोई स्पष्ट योजना सामने नहीं आई है। जब इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी दिनेश पटेल से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो वे फोन पर उपलब्ध नहीं हो सके। इधर किसान लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि यदि प्रशासन ने तत्काल कदम नहीं उठाए, तो वे विरोध प्रदर्शन के लिए मजबूर होंगे।

## संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र फिर ठप, तकनीकी खराबियों ने किया उत्पादन चौपट

उमरिया।

जिले का संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र एक बार फिर सुर्खियों में है और वजह वही पुरानी तकनीकी खराबी। केंद्र की 210 मेगावॉट क्षमता वाली तीसरी यूनिट को सोमवार शाम बॉयलर ट्यूब लीकेज के कारण बंद करना पड़ा। लगातार बढ़ती तकनीकी दिक्कतों से यह संयंत्र अब प्रदेश की ऊर्जा आपूर्ति के लिए सिरदर्द बनता जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, यूनिट में लीकेज की सूचना मिलते ही उत्पादन रोककर यूनिट को बंद कर दिया गया। संयंत्र प्रबंधन का कहना है कि मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है और दो से तीन दिन में यूनिट को पुनः चालू करने की कोशिश की जाएगी। एडिशनल चीफ इंजीनियर राजेंद्र साहू ने बताया कि अन्य यूनिटें फिलहाल सामान्य रूप से काम कर रही हैं, इसलिए बिजली आपूर्ति पर बड़ा असर नहीं पड़ेगा।

हालांकि अंदरूनी सूत्रों की मानें तो यह समस्या नई नहीं है। पुराने हो चुके उपकरण, रखरखाव की लापरवाही और घटिया क्वालिटी की तकनीकी सामग्री के कारण पिछले एक वर्ष में यूनिटें बार-बार ठप पड़ रही हैं। कर्मचारियों का कहना है कि प्रबंधन नियमित निरीक्षण और समय पर मरम्मत के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति करता है।

प्रदेश की बिजली आपूर्ति में अहम भूमिका निभाने वाला यह संयंत्र 1340 मेगावॉट की क्षमता से लैस है, लेकिन तकनीकी ढर्रे की कमजोरी ने इसे अविश्वसनीय बना दिया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बार-बार यूनिट बंद होने से न केवल बिजली उत्पादन पर असर पड़ रहा है, बल्कि आसपास के क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। लगातार हो रही इन तकनीकी खामियों ने ऊर्जा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब सवाल यह है कि क्या संयंत्र प्रबंधन वाकई सुधार के लिए तैयार है या फिर यह ऊर्जा का किला धीरे-धीरे खुद अपने भार तले ढहने को मजबूर है।

## खबर संक्षेप



### एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला संपन्न


**उमरिया।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री कौशल केंद्र खलेसर नाका उमरिया में एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला संपन्न हुआ।मेले में 155 युवक युवतियों ने अपना पंजीयन कराया जिसमें से 115 युवक युवतियो का चयन किया गया जिसमें एसबीआई लाइफ इंशोरेंस में 6, श्रीराम फायनेंस में 13, सीएट टायर में 25, टीएसपीएल एवं हैमर कंपनी में 45 तथा प्रथम एजुकेशन में 26 अभ्यर्थियों का चयन किया गया ।

### गुमशुदा महिला सकुशल दस्तयाब



**राजनगर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा एस.डी.ओ.पी. कोतमा के मार्गदर्शन में गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना रामनगर पुलिस को छठ महापर्व के अवसर पर एक सफलता प्राप्त हुई है। थाना रामनगर में 15.10.25 को फरियादी द्वारा की गई शिकायत के आधार पर दर्ज गुम इंसान क्रमांक 54/25 के तहत तेजवती सिंह पति ओम सिंह (परिवर्तित नाम) उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम कुहका थाना रामनगर की गुमशुदगी की रिपोर्ट प्राप्त हुई थी। थाना रामनगर की गठित पुलिस टीम प्र आर हरीश डहेरिया, आर मुमताज खान द्वारा लगातार प्रयास, सतत खोजबीन के आधार पर गुमशुदा तेजस्वनी पनिका को सकुशल दस्तयाब किया गया तथा परिजनों को सुपुर्दगी कर दी गई है।

### सुख समृद्धि की कामना को लेकर महिलाएं कर रहीं कार्तिक स्नान



**कोतमा।** कार्तिक मास में एक महीने तक उपवास रखकर पति की लंबी उम्र एवं परिवार की सुख समृद्धि की कामना को लेकर महिलाएं कार्तिक स्नान कर रही हैं। महिलाएं प्रतिदिन अल सुबह नदियों में स्नान कर नगर के पंचायती मंदिर एवं अन्य मंदिरों में जाकर भगवान शंकर एवं भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना कर रही हैं। पूजन के बाद महिलाएं मंदिर में धार्मिक कथाओं का श्रवण करती हैं। कार्तिक मास में व्रत रखने वाली महिलाएं प्रतिदिन पंचायती मंदिर की परिक्रमा लगाकर दर्शन पूजन कर रही है।

### जमुना कॉलोनी छठ तलाब में छठ पूजन संपन्न



**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।** जमुना कॉलोनी परासी रोड स्थित छठ तलाब में हर साल की तरह इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से छठ पूजा की कार्यक्रम किया गया। इस महापर्व में धार्मिक परंपराओं का निर्माण करते हुए यह कठिन व्रत रखती महिलाएं के द्वारा पानी में घंटे खड़े होकर अस्त हो रहे सूर्य भगवान को आद्या देकर पूजा आराधना की गई। जमुना परासी रोड में बेहतर प्रबंध किए गए थे। मंगलवार को व्रत का समापन सुबह सूर्योदय को अर्घ्य देकर किया गया। जमुना नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह, लाल बहादुर, उदय सिंह, सुखविंदर सिंह, राजू गुप्ता, अजय यादव उपस्थित रहे।

### अपह्त बालक को दस्तयाब कर परिजनो को किया सुपुर्द

**जैतहरी।** फरियादी ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट किया कि उसका नाबालिग पुत्र 19.10.25 को बिना बताये घर से कही चला गया है स शंका है कि कोई अज्ञात व्यक्ति नाबालिक लडके को बहला फुसलाकर कही ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया है। अपृहत की पता तलाश जैतहरी पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये 27.10.25 को अपह्त बालक को दस्तयाब कर उसके परिजनो को विधिवत सुपुर्द किया।

## निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण पर कलेक्टर की प्रेस कॉन्फ्रेंस संपन्न

# कोई पात्र नागरिक न छूटे, कोई अपात्र शामिल न हो: कलेक्टर

**मतदाता सूची शुद्धिकरण हेतु एसआईआर कार्यक्रम की जानकारी दी गई**

निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण ( एसआईआर) के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में प्रेस कान्फ्रेंस संपन्न हुई ।

उमरिया।





बैठक में मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा ने बताया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार भारतीय नागरिक जिसकी आयु 18 वर्ष है तथा संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में सामान्य रूप से निवास करता हो, किसी कानून के अंतर्गत आयोग्य नही हो, वे मतदाता की पात्रता रखते है।उन्होने बताया कि 1951 से 2004 तक आठ बार एसआईआर किया जा चुका है। पिछला एसआईआर लगभग 21 वर्ष पहले , साल 2001-2004 में किया गया था।

एसआईआर में प्रमुख अधिकारियों में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ), प्रत्येक तहसील के लिए सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ), जिला मजिस्ट्रेट, ईआरओ के निर्णय के विरूध्द की गई प्रथम अपील को सुनते है। राज्य,केंद्र शासित प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, कलेक्टर के निर्णय के विरूध्द की अपील सुनते है। प्रत्येक बीएलओ मौजूदा मतदाता को गणना प्रपत्र वितरित करेंगे तथा बीएलओ मिलान, लिंकिंग के लिए पिछले एसआईआर के अखिल भारतीय डेटाबेस की सहायता लेंगे।गणना चरण के दौरान ईएफ के साथ किसी अन्य दस्तावेज की आवश्यकता नही है।ईआरओ,एईआरओ यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी पात्र नागरिग छूटे नही तथा कोई भी अपात्र व्यक्ति सम्मिलित नही हो।

बीएलए मतदाताओ से भरे हुए गणना प्रपत्र एकत्र कर सकते है,प्रतिदिन अधिकतम 50 गणना प्रपत्र प्रमाणित कर सकते है और उन्हे बीएलओ को सौपेगे। मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण प्रत्येक केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाता की सीमा पर निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि दस्तावेजो के सांकेतिक सूची में किसी केन्द्रीय,राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रम व्दारा नियमित कर्मचारी,पेंशनर को जारी पहचान पत्र,पेंशन भुगतान आदेश,सक्षम प्राधिकारी व्दारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट,विश्व विद्यालय व्दारा जारी मैट्रिक , शैक्षणिक प्रमाण पत्र,वन अधिकार प्रमाण पत्र, ओबीसी,एससी,एसटी या अन्य जाति प्रमाण पत्र,राज्य, स्थानीय निकाय व्दारा पारिवारिक रजिस्टर सहित अन्य शामिल है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीता डेहरिया, एईआरओ बांधवगढ अंबिकेश प्रताप सिंह, प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी पाली मीनाक्षी इंगले, सहित जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकार गण उपस्थित रहे ।

# निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक संपन्न



उमरिया।

निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण ( एसआईआर) के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कलेक्टर सभागार में संपन्न हुई ।

बैठक में मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा ने बताया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार भारतीय नागरिक जिसकी आयु 18 वर्ष है तथा संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में सामान्य रूप से निवास करता हो, किसी कानून के अंतर्गत आयोग्य नही हो, वे मतदाता की पात्रता रखते है।उन्होने बताया कि 1951 से 2004 तक आठ बार एसआईआर किया जा चुका है। पिछला एसआईआर लगभग 21 वर्ष पहले , साल 2001-2004 में किया गया था।

एसआईआर में प्रमुख अधिकारियों में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ), प्रत्येक तहसील के लिए सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ), जिला मजिस्ट्रेट, ईआरओ के निर्णय के विरूध्द की गई प्रथम अपील को सुनते है। राज्य,केंद्र शासित प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, कलेक्टर के निर्णय के विरूध्द की अपील सुनते है। प्रत्येक बीएलओ मौजूदा मतदाता को गणना प्रपत्र वितरित करेंगे तथा बीएलओ मिलान, लिंकिंग के लिए पिछले एसआईआर के अखिल भारतीय डेटाबेस की सहायता लेंगे।गणना चरण के दौरान ईएफ के साथ किसी अन्य दस्तावेज की आवश्यकता नही है।ईआरओ,एईआरओ यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी पात्र नागरिग छूटे नही तथा कोई भी अपात्र व्यक्ति सम्मिलित नही हो।

बीएलए मतदाताओ से भरे हुए गणना प्रपत्र एकत्र कर सकते है,प्रतिदिन अधिकतम 50 गणना प्रपत्र प्रमाणित कर सकते है और उन्हे बीएलओ को सौपेगे। मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण प्रत्येक केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाता की सीमा पर निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि दस्तावेजो के सांकेतिक सूची में किसी केन्द्रीय,राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रम व्दारा नियमित कर्मचारी,पेंशनर को जारी पहचान पत्र,पेंशन भुगतान आदेश,सक्षम प्राधिकारी व्दारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट,विश्व विद्यालय व्दारा जारी मैट्रिक , शैक्षणिक प्रमाण पत्र,वन अधिकार प्रमाण पत्र, ओबीसी,एससी,एसटी या अन्य जाति प्रमाण पत्र,राज्य, स्थानीय निकाय व्दारा पारिवारिक रजिस्टर सहित अन्य शामिल है।

उन्होने बताया कि भारतीय चुनाव आयोग के द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार मुद्रण प्रशिक्षण के लिए 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक,घर घर गणना चरण के लिए 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक, प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसंबर को, दावे एवं आपत्तियें की अवधि 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 ,नोटिस चरण के लिए 9 दिसंबर से 31 जनवरी तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीता डेहरिया,ईआरओ बांधवगढ अंबिकेश प्रताप सिंह,ईआरओ मानपुर टी आर नाग,प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी पाली मीनाक्षी इंगले,डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज,राजनैतिक दल से धनुषधारी सिंह,राजीव सिंह बघेल,अनिल वर्मा,केशव वर्मा, शिव प्रसाद कोल,राज कुमार सोनी,नकुल कोल उपस्थित रहे ।



# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 58 लोगों की समस्याएं

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिले के दूर दराज से आए 58 लोगो की समस्याओं को सुना तथा आवेदनों के निराकरण के लिए अधिकारियो कि ओर प्रेषित किया । जनसुनवाई में रामचरण राठौर ग्राम किरनताल ने खसरा अद्यतन कराने, कोदू गिरी गोस्वामी चंदिया ने कब्जा दखल पुस्तैनी भूमि का स्थाई पट्टा दिलाने, अमसिया बाई ग्राम सलैया 2 ने जन मन आवास योजना का लाभ दिलाने, मोहम्मद रजा, प्रकाश, आकिब निवासी खलेसर ने मजदूरी का भुगतान कराने, हीरा लाल, राजेश, मंगलदीन ,शारदा, विपिन , लालमनी ग्राम जोबी ने शासकीय जमीन पर हुए अतिक्रमण की जांच कराकर अतिक्रमण हटाने, लीला बाई पटेल ग्राम इटमा ने सीमांकन कराने, गुडडू केवट ग्राम उंचेहरा ने धान का पंजीयन नही होने, बाबू जी चौधरी चंदिया ने पीएम आवास का लाभ दिलाने, सरपंच ग्राम पंचायत दुब्बार ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने सहित मिठाई लाल निवासी खलेसर उमरिया ने राजस्व अभिलेखो में रिकार्ड सुधार हेतु आवेदन दिया । जनसुनवाई में अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज, मीनांक्षी इंगले सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

# सूर्योदय के अर्घ्य के साथ छठ महापर्व का समापन

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

नगर सहित कोयलांचल क्षेत्र के कोतमा बिजुरी राजनगर रामनगर भालूमाड़ा जमुना बदरा कालरी में लोक आस्था के छठ महापर्व के चौथे दिन मंगलवार की सुबह छठ व्रतियों के उगते सूर्य भगवान को अर्घ्य देने के साथ ही समापन हो गया। इसके बाद सभी छठ व्रतियों ने व्रत का पारण किया। मान्यता है कि सूर्योदय के समय अर्घ्य देने से सुख-समृद्धि, सौभाग्य, संतान प्राप्ति की मनोकामना और संतान की रक्षा का वरदान मिलता है।



### छठ व्रतियों ने किया पारण

छठ महापर्व के आखिरी दिन सूर्योदय के दौरान अर्घ्य देते समय मंत्र-ओम एहि सूर्य सहस्त्रांशो तेजोराशे जगत्पते, अनुकंपय माम्‌ भक्तया गृहाणार्घ्यम्‌ दिवाकर का जाप किया गया। महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान शनिवार को नहाय-खाय के साथ आरंभ हुआ था।इसके बाद पूरी पवित्रता के साथ अरवा चावल, चना दाल, कद्दू की सब्जी और आंवले की चटनी आदि का भोग लगाकर प्रसाद तैयार किया। रविवार को खरना पूजन के दिन व्रतियों ने पूरे दिन उपवास कर शाम को भगवान को भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू किया था। सोमवार को व्रतियों ने अस्थांचल सूर्य को अर्घ्य दिया था।

### परिवार के कुशलता की प्रार्थना

मंगलवार को उदीयमान सूर्य को नदी-तालाब या अन्य जल स्त्रोतों के बीच खड़े होकर अर्घ्य देने के साथ ही छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान पूरा हो गया। छठ व्रतियों ने अनुष्ठान के समापन की पूर्व संध्या पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दिन षष्ठी तिथि को छठी मैया का पूजन विधि-विधान के साथ हुआ। व्रतियों ने जल में खड़े होकर पवित्रता के साथ फल, मिष्ठान, नारियल, पान-सुपारी, फूल, अर्कपात से उगते भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार की कुशलता के लिए प्रार्थना की। अर्घ्य व पूजन करने के बाद व्रतियों ने घाट पर पारण कर पर्व का समापन किया।

# संभाग समन्वयक की अध्यक्षता में ब्लाक स्तरीय समीक्षा बैठक

उमरिया।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक शहडोल भीम सिंह डामोर की अध्यक्षता में जनपद कार्यालय मानपुर में सभी नावँकुर अध्यक्ष एवं सचिवों और परामर्शदाताओ की ब्लाक स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई । संभाग समन्वयक द्वारा बताया गया कि सभी नवांकुरों को अपने सेक्टर अंतर्गत एक आदर्श ग्राम बनाना ,प्रस्फुटन समितियों का क्षमता संवर्धन करना , सीएमसीएलडीपी कक्षा संचालन करना ,एमआईएस डाटा रिपोर्ट बनाना,छात्र छात्राओं की फीस जमा कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ला ने कहा कि सभी




परामर्शदाता अपने अपने सेक्टर अंतर्गत सभी स्टूडेंट्स को लर्निंग एप डाउनलोड करवाएं और कक्षाओं में स्टूडेंट्स की संख्या बढ़ाएं। ब्लाक समन्वयक ने कहा कि सभी नावँकुर एवं परामर्शदाता अपने अपने कार्यों को जिम्मेदारी के साथ समय समय मे करते रहे जिससे हमारा ब्लाक अग्रणी रहे। इस अवसर पर ब्लाक समन्वयक महेंद्र सिंह,सभी नावँकुर एवं परामर्शदाता उपस्थित रहे।

## अमरकंटक में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर छठ महापर्व का भव्य समापन

# नर्मदा तट रामघाट और कोटि तीर्थ पर आस्था, भक्ति और आध्यात्म का अनुपम संगम

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

माँ नर्मदा की पवित्र गोद में अवस्थित अमरकंटक की तपोभूमि मंगलवार की प्रभात बेला में एक अद्भुत आध्यात्मिक दृश्य की साक्षी बनी। सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा का समापन प्रातःकाल उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर हुआ। भोर की सुनहरी किरणें जैसे ही नर्मदा तट पर बिखरीं, रामघाट और कोटि तीर्थ घाट श्रद्धा, भक्ति और सौंदर्य से आलोकित हो उठे। तड़के से ही सजी-धजी महिलाएँ पारंपरिक वेशभूषा में, सिर पर डाला लिए, परिवारजनों के साथ घाटों की ओर प्रस्थान करने लगीं। नर्मदा के पावन जल में खड़ी होकर व्रती माताओं-बहनों ने सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया और परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्यता तथा लोककल्याण की कामना की। पंडित सुरेश द्विवेदी 'छोटे महाराज' ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन, अर्चन और हवन संपन्न कराया। जैसे ही सूर्यदेव की प्रथम किरण नर्मदा जल में प्रतिबिंबित हुई, पूरा घाट "छठी मईया की जय!" के गगनभेदी जयघोष से गुंजायमान हो उठा।

**भक्ति की लहरों में डोलता रामघाट** "उग हे सूरज देव भइल भोर भइले..." और "केलवा जरे के बरनिया हो..." जैसे पारंपरिक लोकगीतों की मधुर ध्वनि और मंजीरों की झंकार से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। नर्मदा जल में प्रवाहित दीपों की कतारें मानो प्रकाश की स्वर्गीय नदी बनकर बह रही थीं। श्रद्धालु हाथ जोड़कर, प्रणाम मुद्रा में सूर्यदेव से आरोग्य, समृद्धि और कल्याण की याचना कर रहे थे। कोई मौन ध्यान में लीन था, तो कोई हर्षाश्रु से भिगा हुआ कृ दृश्य अत्यंत भावविभोर कर देने वाला था। चार दिवसीय छठ व्रत कृ नहाय-खाय, खरना, संध्या अर्घ्य और प्रभात अर्घ्य कृ के समापन के साथ आज व्रती महिलाओं ने प्रसाद ग्रहण किया। व्रत की इस साधना में शुद्धता, संयम और आत्मानुशासन का अनोखा उदाहरण देखने को मिला। पूरे क्षेत्र में लोकगीतों, मंगलगान और प्रसाद वितरण के साथ हर्ष, उल्लास और भक्ति का वातावरण छा गया।



**आस्था, संस्कृति और प्रकृति का त्रिवेणी संगम-** इस पावन अवसर पर अमरकंटक के अनेक श्रद्धालु, समाजसेवी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य रूप से गिरिजा शंकर पांडेय श्रीनिवास पाण्डेय राम नरेश शास्त्री हरे राम गुप्ता, मुरारी गुप्ता, भरत गुप्ता, बी.के. शर्मा, डॉ. संतोष तिवारी, लखन द्विवेदी, मनीष पांडे, धनंजय तिवारी, रोहित लाल त्रिपाठी, भरत चंद्रवंशी, रामनरेश शास्त्री, गिरिजा शंकर पांडेय, अशोक साहू, दिलीप साहू, रमेश कुमार सिंह, बबीता सिंह, राजीव झा सपरिवार, छटटू गुप्ता, सोनू गुप्ता, प्रमोद शर्मा, मृत्युंजय गुप्ता आदि श्रद्धालु परिवारों सहित हजारों की संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे। अमरकंटक की पवित्र भूमि पर मनाया गया यह छठ महापर्व केवल सूर्योपासना नहीं, बल्कि मानव और प्रकृति के पवित्र संबंध का उत्सव है। यह पर्व स्मरण कराता है कि कृ "सूर्य ही जीवन का आधार है और जल ही उसकी आराधना का माध्यम।" नर्मदा की लहरों पर तैरते दीप, उगते सूर्य की प्रभा और श्रद्धालुओं के हाथ जोड़कर किए गए प्रणाम इन तीनों ने मिलकर एक ऐसा दृश्य रचा, जिसने सम्पूर्ण वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक गौरव से आलोकित कर दिया।

खबर संक्षेप

## पोर्टल पर समग्र आई डी का आधार के साथ ई-केवाईसी करना अनिवार्य

**कटनी।** निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों को सूचित किया गया है कि पोर्टल पर समग्र आईडी की आधार से ई-केवाईसी (eKYC) कराना अब अनिवार्य कर दिया गया है। अतः जिन नागरिकों ने अभी तक अपने समग्र की आधार से ई-केवाईसी पूर्ण नहीं कराई है, वे 31 अक्टूबर 2025 तक नगर निगम कार्यालय, जोन कार्यालय में संपर्क कर अपनी जानकारी सत्यापित कराते हुए ई के वाई सी करा सकते है। नगर निगम उपयुक्त एवं नोडल अधिकारी समग्र शैलेश गुप्ता ने बताया कि ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण न होने की स्थिति में ऐसी आई डी को डुप्लीकेट आई डी मानते हुए उन्हें पोर्टल से डिलीट करने की कार्यवाही की जाएगी । जिससे संबंधित शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्राप्त करने में असुविधा हो सकती है। अतः नागरिकों से अनुरोध है कि जिन्होंने अभी तक अपनी आई सी अपडेट नहीं कराई है वे निर्धारित अवधि 31 अक्टूबर 2025 के पूर्व समग्र आईडी का आधार से ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण करा लें ताकि उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ पूर्व की भांति मिलता रहे। नागरिकों के लिए समग्र आईडी का आधार से ई-केवाईसी का कार्य एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर, सीएससी, कियोस्क तथा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से कराया जा सकता है। इसके अलावा यह प्रक्रिया सीधे समग्र पोर्टल एवं समग्र मोबाइल एप पर भी की जा सकती है।

# ग्राम पंचायत बुढ़वा में फैला भ्रष्टाचार, एक माह पहले खोद दी नाली अब तक शुरू नहीं हुआ निर्माण कार्य

**ब्यौहारी।** जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत बुढ़वा इन दिनों भ्रष्टाचार का गढ़ बना हुआ क्योंकि यहां पदस्थ ग्राम पंचायत के सचिव उदय राज बस के द्वारा अधूरे निर्माण कार्यों का पैसा निकाल लिया जाता है कोई काम नहीं कराया जाता किसको लेकर के जनपद मे 28/10/25 को सीईओ से शिकायत की गई है शिकायत करते हुए ग्राम बुढ़वा की निवासी राजीव लोचन वैश ने बताया कि चौकी टोला में एक माह पहले नाली खोद दी गई थी जिसका निर्माण कार्य अभी भी नहीं कराया जा रहा है इसके पहले मेरे घर के सामने दूसरी तरफ नाली को दी गई थी जिसका निर्माण कार्य पंचायत द्वारा नहीं कराया गया। ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव से बार-बार कहा जब उनके द्वारा नहीं कराया गया तो मैंने अपने स्वयं के व्यय से नाली का निर्माण कराया क्योंकि हम लोगों के निकलने में दिक्कत जा रही थी नाली निर्माण हो जाने के बाद सचिव द्वारा फर्जी तरीके से 99000 रुपए निकाल लिए इसके अलावा ग्राम पंचायत सचिव की पत्नी ऊषा वैश्य बुडवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ नर्स के पद पर पदस्थ हैं जो सही ड्यूटी नहीं करती है स्वास्थ्य केंद्र की यदि कोई



शिकायत करता है तो उसे झूठे मामले में फंसा दिया जाता है इसी तरह से ग्राम पंचायत कभी नहीं खुलती और ग्राम पंचायत की जो शिकायत करता है उसको भी झूठे मामले में फंसा दिया जाता है क्योंकि यदि ग्राम पंचायत नहीं खुलती तो लोग उसके घर नहीं जा सकते क्योंकि लोगों को डर है कि उनको भी फंसा दिया जाएगा इसी तरह से स्वास्थ्य केंद्र भी नहीं खुलता लेकिन डर के कारण लोग उसके घर नहीं जाते कि किसी मामले में फंसा दिया जाएगा पति और पत्नी मिलकर पंचायत एवं स्वास्थ्य विभाग को चौपट किए हुए हैं स्टाफ नर्स का स्थानांतरण अन्यत्र स्वास्थ्य केंद्र में किया जाए नहीं तो इसी तरह से ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार होता रहेगा और शिकायत करने वालों को झूठे मामले में फसा दिया जाता रहेगा। चौकी टोला अधूरे नाली निर्माण के कारण लोग और मवेशी गिर रहे हैं जिससे आए दिन घटनाएं होती है।

### इनका कहना है

स्थानीय लोगों ने मोहल्ले में शीघ्र नाली निर्माण कराए जाने की मांग की है नाली निर्माण क्यों नहीं कराया जा रहा है इसकी जांच में अभी मैं कराता हूं।

**विजय सिंह।**
**-एसडीओ जनपद पंचायत ब्यौहारी।**

# आबकारी उप निरीक्षकों के पदोन्नति पर कलेक्टर





### केदार सिंह ने लगाया तीसरा स्टार पदोन्नत हुए श्री चंदेल आज करेंगे पदभार ग्रहण

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने आबकारी विभाग शहडोल में पदस्थ उप निरीक्षक सुनील सिंह चंदेल एवं संदीप कुमार द्विवेदी को पदोन्नति मिलने पर तीसरा स्टार लगाकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मध्यप्रदेश शासन के वाणिज्य कर विभाग द्वारा उप निरीक्षक सुनील सिंह चंदेल को कार्यवाहक प्रभारी सहायक आबकारी अधिकारी, जिला भोपाल तथा उप निरीक्षक संदीप कुमार द्विवेदी को कार्यवाहक प्रभारी अधिकारी, विदेश मदिरा भाण्डागार, रीवा (संभागीय उड़न दस्ता रीवा) के पद पर पदोन्नत किया गया है। इस अवसर पर जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती सावित्री भगत उप निरीक्षक रजनीश त्रिपाठी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।पदोन्नति हुये सुनील सिंह चंदेल आज बुधवार को अपना पदभार ग्रहण करेंगे।

# एमपी आरडीसी की लापरवाही खटकारिया तालाब के पास छाया रहता है अंधेरा, समय से नहीं जलती स्ट्रीट लाइट

**ब्यौहारी।** नगर परिषद के अंतर्गत जेपी रेजिडेंसी से लेकर शिवालय रेस्टोरेंट तक एमपीआरडीसी द्वारा जो लाइट लगाई गई है उनका समय से नहीं जलाया जाता ठंड के समय में जहां लाइट 5:30 बजे जल जाना चाहिए रोजाना 7:00 बजे जलती है जबकि पूरे नगर में लाइट को 6:00 बजे जला दिया जाता है इसकी जानकारी एमपी आरडीसी के जीएम को क ई बार जानकारी दी गई लेकिन उनके द्वारा कोई सुधार नहीं कराया गया और अभी भी लाइट 7:00 बजे ही जल रही क्षेत्रवासियों ने कलेक्टर से संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।



# बिना फार्मासिस्ट चल रहे कई मेडिकल स्टोर

**ब्यौहारी। ब्यौहारी नगर एवं विकासखंड के अंतर्गत वाणसागर ,पपौध,बुडवा अंतर्गत कई ऐसे मेडिकल स्टोर है जहां फार्मासिस्ट नहीं बैठते अपना लाइसेंस किराए पर दिए हुए हैं और उनकी जगह में अनाधिकृत ब्यकतिओ द्वारा दवाइयां दी जा रही है मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।**
छिंदवाड़ा की घटना से भी सबक नहीं लिया गया और शहडोल जिले के ड्रग इन्स्पेक्टर इंस्पेक्टर को व्यवहारी विकासखंड के अंतर्गत ऐसे भी कई मेडिकल है जिनके पास बैध लाईसेंस तो है लेकिन किराये का मिला इसका मतलब ही है कि सब ड्रग इंस्पेक्टर की मिली भगत से चल रहा है फर्जी मेडिकलों का कवच बन ड्रग एसोसिएशन-ड्रग एसोसिएशन की है जिम्मेदारी होती है ऐसे मेडिकल स्टोर जो बिना फार्मासिस्ट के चल रहे हैं उनकी जानकारी ड्रग इंस्पेक्टर को दे और उन पर कार्रवाई हो लेकिन ड्रग एसोसिएशन ऐसे मेडिकलों का कवच बना हुआ है स्थानीय लोगों को पूरी जानकारी है कि कौन से मेडिकल बिना फार्मासिस्ट के चल रहे हैं लेकिन फिर भी कार्रवाई नहीं करवाई जा रही दवा विक्रेता संघ को अपनी सदस्यता बढ़ाने से मतलब है क्षेत्रीय जनों ने कलेक्टर से व्यवहारी क्षेत्र में मेडिकलों की सघन जांच कराए जाने की मांग की और ऐसे मेडिकल स्टोर जो बिना फार्मासिस्ट चल रहे हैं उन पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है।

## मंगेतर के साथ जा रही युवती से दुराचार

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के कोठिया गांव में एक शिब्बू नामक युवक ने अपने 4 नाबालिग साथियों के मौजूदगी उस समय हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं, जब एक युवती अपने मंगेतर के साथ जा रही थी, रास्ते में दबंग ने दोनों को रोक लिया, मंगेतर के साथ मारपीट की और युवती को जबरन सुनसान इलाके में ले जाकर दुष्कर्म किया, दुष्कर्म के दौरान उसके 4 अन्य नाबालिग साथी मौजूद रहे। घटना के बाद पीड़िता किसी तरह आरोपियों के चंगुल से निकलकर थाने पहुंची और पूरी आपबीती पुलिस को बताई, युवती के बयान के बाद पूरे थाना परिसर में हडक्रंप मच गया, ब्यौहारी पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। वही इस पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि एक युवती के साथ दुराचार का मामला सामने आया है, उसके साथ 4 अन्य नाबालिग भी थे, लेकिन दुराचार किया है। शिकायत के बाद मामला दर्ज पड़ताल की जा रही है ।

# राज्य स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता मे ज्ञानोदय विद्यालय के बच्चों हुआ चयन



**शहडोल।** शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय विचारपुर शहडोल के 15 बच्चों का राज्य स्तर पर बालरंग समारोह 2025 की राज्य स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता मे सहभागिता हेतु चयनित हुए। प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 29 अक्टूबर 2025 को शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उमावि शिवाजी नगर भोपाल म.प्र. मे आयोजित होगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सहभागिता हेतु सहभागी बच्चे एवं सहयोगी शिक्षक बृजेन्द्र पाल मोगरे एवं श्रीमती अर्पणा चतुर्वेदी का दल दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को विद्यालय से भोपाल हेतु रवाना को गए हैं। बच्चों के राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन हेतु प्राचार्य डी.सी. मिश्रा एवं विद्यालय के शिक्षको द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

# बकहो वार्ड क्रमांक 3 में स्वच्छता अभियान बना मजाक, नालियां जाम, कचरे के ढेर से बढ़ रहा संक्रमण का खतरा

**अमलाई। नगर परिषद बकहो के वार्ड क्रमांक 3 की स्थिति इन दिनों अत्यंत दयनीय बनी हुई है। स्वच्छता अभियान के नाम पर यहाँ केवल दिखावा किया जा रहा है। वार्ड की मुख्य नालियां महीनों से जाम पड़ी हैं, जिससे गंदा पानी बाहर बहकर सड़कों पर फैल रहा है। यह पानी बगल की दीवारों को नुकसान पहुँचा रहा है और पूरे क्षेत्र में गंदगी एवं दुर्गंध फैली हुई है।**
क्षेत्रवासियों का कहना है कि नगर परिषद बनने के बाद उन्होंने सोचा था कि अब सफाई व्यवस्था में सुधार होगा, लेकिन आज हालत पहले से भी बदतर हो चुकी है। लोगों का कहना है कि नगर परिषद बनने के बाद क्षेत्र की ऐसी स्थिति होगी, यह किसी ने नहीं सोचा था। स्थानीय निवासियों का



आरोप है कि दो बार शिकायत करने के बावजूद परिषद ने कोई कार्रवाई नहीं की। स्वच्छता प्रभारी केवल नाम मात्र के लिए दौरा करते हैं, लेकिन नालियों की सफाई और कचरा उठाव का काम नियमित रूप से नहीं किया जा रहा है। जगह-जगह पड़े कचरे के ढेर संक्रमण फैलाने का काम कर रहे हैं। बरसात के मौसम में नालियों के जाम रहने से गंदा पानी सड़कों पर जमा हो जाता है, जिससे लोगों का आना-जाना दूभर हो गया है। मच्छरों की बढ़ती संख्या से डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा



मंडरा रहा है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि नगर परिषद तत्काल सफाई अभियान चलाकर नालियों की सफाई करवाए, नियमित कचरा उठाव की व्यवस्था सुनिश्चित करे और स्वच्छता व्यवस्था पर सख्ती से निगरानी रखे।



### इनका कहना

कई बार सफाई करवाई गई है यदि फिर से जाम हो गया है तो कल ही सफाई करवाई जाएगी। नाली सकरी होने के कारण समस्या आ रही है नाली निर्माण की चर्चा की गई है।

**अरविंद सिंह बघेल स्वच्छता प्रभारी,**

# बुढ़ार साइडिंग तक 16-18 चकिया वाहनों से कोयले की ढुलाई, बाईपास मार्ग बना दलदल

### भारी वाहनों के दबाव से सड़क जर्जर, जगह-जगह बने गड्ढों से राहगीर परेशान

**धनपुरी।** एसईसीएल सोहागपुर एरिया के अंतर्गत बाईपास मार्ग की हालत अब बद से बदतर हो चुकी है। राजेन्द्र, दामिनी और खैरहा भूमिगत खदानों से निकला कोयला प्रतिदिन बुढ़ार रेलवे साइडिंग तक लगभग 3 किलोमीटर लंबे बाईपास मार्ग से होकर पहुंचता है। सुबह से शाम तक 16 से 18 चकिया प्राइवेट वाहन इस मार्ग से लगातार कोयले की ढुलाई करते हैं, जिससे सड़क पूरी तरह से टूट चुकी है।



### गुणवत्ता की अनदेखी से पैचवर्क हर कुछ महीनों में बेकार

बाईपास मार्ग पर समय-समय पर पैचवर्क कराया जाता है, लेकिन घटिया गुणवत्ता के कारण कुछ ही महीनों में सड़क फिर से उखड़ जाती है। भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। वर्षा के मौसम में इन गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है, जिससे गुजरना मुश्किल हो जाता है।

### कालरी कर्मचारियों और राहगीरों को भारी परेशानी

इस मार्ग से कालरी कर्मचारी रोजाना टू-व्हीलर से राजेन्द्रा, दामिनी और खैरहा माइंस के लिए तीनों शिफ्टों में आते-जाते हैं। करीब तीन किलोमीटर की सड़क गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। पानी भरे रहने से आए दिन फिसलन और दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। छोटे-बड़े वाहनों के चालकों को भी बीच रास्ते पर बने गहरे गड्ढों के कारण खासी परेशानी झेलनी पड़ती है।

### ओवरलोड वाहनों से सड़क की हालत और बिगड़ी

कोयले की ढुलाई में लगे वाहनों में अक्सर ओवरलोडिंग की जाती है, जिससे सड़क की सतह जगह-जगह से उखड़ चुकी है। साथ ही, ट्रकों से गिरने वाले कोयले के टुकड़ों से मार्ग पर फिसलन बढ़ जाती है। यह बाईपास मार्ग क्षेत्र की प्रमुख खदानों को जोड़ता है, इसलिए यातायात का दबाव लगातार बना रहता है।

### नए महाप्रबंधक से उम्मीदें बढ़ीं

स्थानीय लोगों और कालरी कर्मचारियों ने कई बार इस मार्ग की मरम्मत की मांग की, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अब जबकि एरिया में नए महाप्रबंधक की पदस्थापना हुई है, लोगों को उम्मीद है कि वे इस जर्जर मार्ग की सुध लेंगे और स्थायी समाधान की दिशा में कदम बढ़ाएंगे।

# भाजपा शहडोल ने रचा इतिहास

### 19 में से 14 मंडलों में 'मन की बात' कार्यक्रम 100 प्रतिशत सफलता के साथ सम्पन्न

**शहडोल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम 'मन की बात' के तहत भारतीय जनता पार्टी शहडोल जिला संगठन ने अभूतपूर्व सफलता दर्ज की है। भाजपा जिला महामंत्री अमित मिश्रा ने कहा कि जिले के 19 मंडलों में से 14 मंडलों ने 100 प्रतिशत उपस्थिति और सक्रिय भागीदारी के साथ कार्यक्रम का आयोजन कर यह साबित कर दिया कि शहडोल भाजपा संगठनात्मक अनुशासन और जनसंपर्क के क्षेत्र में प्रदेश में अग्रणी है। यह सफलता भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा के सशक्त नेतृत्व और रणनीतिक संगठनात्मक कौशल का परिणाम मानी जा रही है। उनके नेतृत्व में भाजपा शहडोल ने लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हर कार्यक्रम को जनआंदोलन का स्वरूप दिया है। श्रीमती अमिता चपरा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचार आज हर घर में गूंज रहे हैं। यह सफलता हमारे कार्यकर्ताओं के परिश्रम, अनुशासन और संगठन के प्रति अटूट निष्ठा का प्रमाण है।



भाजपा जिला महामंत्री अमित मिश्रा ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर सभी मंडलों को बधाई देते हुए कहा कि शहडोल भाजपा ने यह दिखा दिया है कि जब कार्यकर्ता एक ध्येय और संकल्प के साथ कार्य करते हैं, तो परिणाम असाधारण होते हैं। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में हर बूथ स्तर तक 'मन की बात' कायक्रम को जनभागीदारी का पर्व बनाया जाएगा। भाजपा शहडोल की इस उपलब्धि ने न केवल जिले में बल्कि संभागीय स्तर पर भी संगठन की कार्यकुशलता का परचम लहरा दिया है। कार्यकर्ताओं के उत्साह से यह स्पष्ट है कि पार्टी आने वाले चुनावी अभियानों में भी नई ऊंचाइयों को छुएगी। कार्यकर्ताओं की एकजुटता, अनुशासन और नेतृत्व की दृढ़ता ने भाजपा शहडोल को प्रदेश में आदर्श संगठन के रूप में स्थापित कर दिया है।



# भारत अब आयातक नहीं, निर्यातक देशः मनीषा

### आत्मनिर्भर भारत की राह पर युवा शक्ति संग भाजपा का संकल्प

**शहडोल।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय युवा सम्मेलन में भाजपा की शीर्ष नेतृत्व ने युवाओं में जोश और आत्मनिर्भरता का मंत्र फूंक दिया। नगर के अंबेडकर चौक स्थित अशोका पैलेस में रविवार को हुए इस भव्य कार्यक्रम में युवाओं की भारी उपस्थिति ने भाजपा के प्रति युवाओं के बढ़ते विश्वास को दिखा दिया।मुख्य अतिथि एवं वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने अपने जोशीले संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और अब तीसरे स्थान की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज का भारत आत्मनिर्भर है, रक्षा उपकरणों से लेकर मिसाइल और वैक्सीन तक, हर क्षेत्र में देश ने स्वदेशी सामथ्र्य का परिचय दिया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता के नए युग में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने घोषणा की कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन कर एकता का संदेश दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने स्वदेशी अपनाओ अभियान को जिलेभर में व्यापक स्तर पर चलाने का आह्वान किया। जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी ने कहा कि भारत तभी सशक्त होगा जब हर नागरिक स्वदेशी उत्पादों को अपनाए। उन्होंने युवाओं से कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में हर युवा को अपनी भूमिका निभानी होगी। कार्यक्रम का संचालन कर रहीं भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं को सिर्फ वोट बैंक नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का आधारस्तंभ माना है। उन्होंने सभी युवा कार्यकर्ताओं को आत्मनिर्भर भारत अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिले के 19 मंडलों से आए सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया और आत्मनिर्भर भारत - स्वाभिमान का संकल्प के नारे के साथ सम्मेलन को ऐतिहासिक बना दिया।

# शासकीय महाविद्यालय ब्योहारी के पांच छात्र-छात्राओं राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिये हुआ चयन

**व्यौहारी।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय डबरा ग्वालियर में आयोजित दिनांक 28 10 2025 से 29 10 2025 तक राज्य स्तरीय शतरंज महिला/ पुरुष प्रतियोगिता शासकीय महाविद्यालय व्यौहारी के छात्र-छात्राओं का चयन किया गया जिसमें खूबेंद्र प्रताप सिंह, दुर्गेश त्रिपाठी, प्रतिष्ठा बेस, महिमा कुशवाहा,जैसे खिलाड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे वहीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के मैनेजर की जवाबदारी सुधांशु सिंह शासकीय महाविद्यालय व्यौहारी एवं दुर्गेश कुमार साकेत सासाकी महाविद्यालय व्यौहारी टीम कोच के रूप में अपनी उपस्थिति देंगे आज दिनांक 27 -10



2025 को महाकौशल एक्सप्रेस से डबरा ग्वालियर के लिए रवाना हुई इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर के तिवारी जी ने समस्तखिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी महाविद्यालय के कीड़ा अधिकारी डॉक्टर विजय प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय के इन होनहार खिलाड़ियों को शतरंज खेल के कौशल सीखने का कार्य महाविद्यालय के ही वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ मोहित लाल वर्मा जी का अहम योगदान रहा उन्होंने लगातार खिलाड़ियों को सक्रिय किये रहा और लगातार अभ्यास कराते हुए आज खिलाड़ियों को राज्य स्तर प्रतियोगिताओं तक भेजने का कार्य किया लगातार महाविद्यालय में खेल गतिविधियां संचालित है और करीबन लगातार कई खिलाड़ी राज्य स्तर और अंतर विश्वविद्यालय स्तर प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रहे हैं 1

## खबर संक्षेप

### देव उठनी एकादशी को अमरकंटक में दीपोत्सव व मां नर्मदा महाआरती का होगा आयोजन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास द्वारा जिला प्रशासन अनूपपुर के सहयोग से देव उठनी एकादशी 01 नवम्बर 2025 को रामघाट अमरकंटक में शाम 6 बजे से 51 हजार दीपों का प्रज्ज्वलन कर दीपोत्सव पर्व तथा मां नर्मदा महाआरती का आयोजन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर हर्षल पंचोली ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी को नोडल अधिकारी तथा जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न व्यवस्थाओं के सम्पादन हेतु जिले के अन्य अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई है।

### 67 हितग्राहियों को आर्थिक सहायता जारी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** सांसद स्वेच्छानुदान निधि योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त आवंटन के तहत शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह की अनुशंसा पर कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले के 67 हितग्राहियों को कुल राशि 5 लाख 60 हजार रुपये के आर्थिक सहायता राशि के भुगतान के आदेश जारी किए हैं।

### चेतना नगर क्षेत्र मे 4 घंटे बाधित रहेगी विद्युत व्यवस्था

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** विद्युत विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आवश्यक मेंटीनेंस कार्य के लिए चेतना नगर क्षेत्र मे आज सुबह 6 से 10 बजे तक कोतमा रोड सब स्टेशन से निकलने वाला अनूपपुर शहर फीडर बंद रहेगा जिससे अमरकंटक तिराहा, स्मार्ट सिटी, इंदिरा तिराहा, तहसील, डिस्ट्रिक्ट कोर्ट, शांति नगर, अनूपपुर बस्ती एवं आसपास के क्षेत्र प्रभावित होंगे।

### 1 नवंबर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर होगा जिला स्तरीय समारोह

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** राज्य शासन से प्राप्त निर्देशानुसार 01 से 03 नवम्बर 2025 तक संपूर्ण प्रदेश में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का कार्यक्रम किया जाएगा। उक्त के अनुक्रम में 01 नवम्बर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का जिला स्तरीय समारोह का आयोजन एकलव्य आवासीय विद्यालय अनूपपुर के ऑडिटोरियम हॉल में होगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर हर्षल पंचोली ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी को नोडल अधिकारी तथा सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सुश्री सरिता नायक को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस बल की तैनातगी, कार्यक्रम स्थल पर कानून व्यवस्था एवं अतिथियों की बैठक व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर समीपस्थ विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर टेन्ट, साऊन्ड सिस्टम, माईक, स्टेज निर्माण, कार्यक्रम स्थल पर लाईव प्रसारण हेतु एलईडी टीवी, इंटरनेट कनेक्शन, मंच संचालन, कार्यक्रम स्थल पर समस्त कार्यालयीन स्टॉफ एवं स्वहायता समूह की उपस्थिति व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई व्यवस्था आदि के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है।

## नगर से गांवों तक फैला दलालों का रैकेट, पंजीयन विभाग की भूमिका संदिग्ध

# जमीन के 'आसमानी' भाव, सरकार की मंशा पर अधिकारी फेर रहे पानी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं और भविष्य की संभावनाओं को देखते हुए जमीन के भाव तेजी से बढ़ रहे हैं। जो क्षेत्र 5 साल पहले तक गांव हुआ करते थे, वहां अब शहरी आबादी बस चुकी है, हालांकि अधिकार क्षेत्र ग्राम पंचायत का ही है। इसी को देख जमीन खरीद-फरोख्त का धंधा करने वालों में से कुछ गड़बड़ी करने लगे। कुछ जमीन मालिकों ने लालच में एक-एक टुकड़ा कई लोगों के नाम लिख दिया। इसी तरह भू-माफियाओं ने भी सरकारी और आम लोगों की जमीन पर खेल किए।

### शहर में विस्तार भू माफियाओं के लिए अवसर

जिला मुख्यालय समेत कोयलांचल मे शहर का विस्तार तेजी से हुआ। एसईसीएल के चलते भी रोजगार के लिए दूसरे प्रांत के लोगों का आना बढ़ा। काफी संख्या में लोगों ने यहीं रहना शुरू कर दिया। भू-माफियाओं के लिए यह वरदान साबित हुआ। उन्होंने आस-पास के क्षेत्रों में औने-पौने दामों पर जमीन खरीदकर रख लीं, कुछ रजामंदी से तो कुछ गैरकानूनी तरीकों से और देखते ही जमीनों के भाव आसमान छूने लगे, वहीं ग्रामीण और आम शहरी जिनकी जमीन, प्लॉट और मकान-दुकानों पर क्षेत्र के कई भू माफियाओं का कब्जा है, वे न्याय पाने के लिए भटक रहे हैं।

### नगर से गांवों तक फैला दलालों का रैकेट

मुख्तयारनामा बनवाने वालों का नेटवर्क शहर से लगे तमाम गांवों तक फैला है। खाली जमीन की रेकी करने के बाद दलाल पटवारी और आरआई से जानकारी निकलवाकर जमीन हथियाने की साजिश रचते हैं। जब विवाद होता है तो हमले या हत्या तक मामला पहुंच जाता है। जमीन मालिको से जमीनो के दलाल पावर ऑफ अटार्नी बनवाकर विवाद भी करते हैं।




### पंजीयन विभाग की भूमिका संदिग्ध

जमीन खरीद-फरोख्त संबंधी कई मामलों में दस्तावेज मे हेराफेरी कर रजिस्ट्री कराई गई है। विभाग के जिम्मेदार कभी जांच नहीं करते कि आखिर फर्जी दस्तावेज और मुख्तयारनामे के दस्तावेज कहां से और कैसे बनवाए गए। एक ई पंजीयक टाइपिस्ट ने नाम न छापने की शर्त में बताया कि बिना पंजीयन अफसर-कर्मचारियों की मिलीभगत के न फर्जी मुख्तयारनामा तैयार करना संभव है और न ही रजिस्ट्री।

### सरकार की मंशा पर अधिकारी फेर रहे पानी

यूं तो सरकार द्वारा सरकारी एवं गरीब किसानों के जमीन को सुरक्षित रखने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपना रही है कि किसी भी तरह से शासकीय जमीन सुरक्षित रहे और बेजा कब्जा से बचाया जा सके, लेकिन इसका ताजा उदारहण जिला मुख्यालय सहित कोतमा क्षेत्र में देखने को मिल रहा है जहां दबंगों द्वारा शासकीय भूमि पर भी कब्जा कर बेचने का खुला खेल चल रहा है और शिकायत के बावजूद प्रशासन के सुस्त रैवये से सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि सहित शासकीय भूमि पर दिनों दिन मकान बनाकर बेचने का खुला खेल चल रहा है। स्थानीय दबंगों द्वारा सरकारी भूमि पर मकान बनाकर भी बेच दिया जाता है। हालात ऐसे हैं कि नगर में निवास करने वाले आम लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## जन की सुनवाई में लापरवाही पर कलेक्टर की सख्ती

### शासकीय सेवक पर 4500 रुपये की शास्ति अधिरोपित, 60 आवेदनों पर सुनवाई



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित किया गया। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 60 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समस्याओं को प्राथमिकता में रखते हुए निराकरण समय-सीमा में करना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, सभी तहसीलों के तहसीलदारों एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगणों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में तहसील जैतहरी के ग्राम चोलना निवासी आवेदक शंकर केवट मकान क्षति होने पर क्षतिपूर्ति राशि दिलाए जाने के संबंध में शिकायत लेकर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत हुए। कलेक्टर ने आवेदक की शिकायत को तत्काल संज्ञान में लेते हुए शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित शासकीय सेवक कमलेश परस्ते पर 4 हजार 500 रुपये की शास्ति अधिरोपित कर शास्ति की राशि प्रतिकर के रूप में संबंधित आवेदक को उपलब्ध कराया। जनसुनवाई में जनपद पंचायत अनूपपुर (बदरा) के ग्राम बम्हनी निवासी ललन पटेल ने वृद्धावस्था पेंशन दिलाए जाने, तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम किरगी निवासी श्रीमती श्यामा साहू ने घर के आंगन में स्थापित विद्युत पोल को हटवाए जाने, तहसील जैतहरी के ग्राम गुवारी निवासी परसादी लाल गोंड़ ने बांध के पानी से फसल नुकसान होने पर क्षतिपूर्ति राशि दिलाए जाने, तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत रौसरखार निवासी बुद्धराम बैगा ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने, तहसील कोतमा के ग्राम कुहका निवासी चरकू पनिका ने एसईसीएल द्वारा भूमि अधिग्रहीत किए जाने पर रोजगार दिलवाए जाने, तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत रनईकापा निवासी रामचरण ने भूमि का नक्शा प्रदाय करने तथा अन्य आवेदकों ने लाडली बहना योजना का लाभ दिलाए जाने एवं हाथी द्वारा घर की क्षति होने पर मुआवजा राशि दिलाए जाने के संबंध में आवेदन दिए।

## जज के आवास के हमले के बाद भी चौकस नहीं सुरक्षा



**हरिभूमि न्यूजकोतमा।** न्यायिक मजिस्ट्रेट पर हुए हमले एवं जान से खत्म करने की धमकी दिए जाने के मामले मे पूरा कोयलांचल शर्मसार हुआ है। न्यायालय की कार्यवाही पर अभद्र टिप्पणी के साथ तोड़फोड़ किए जाने की घटना ने पुलिस व्यस्था एवं कानून पर सवाल उठाए जा रहे हैं। बड़ी वारदात के बाद पुलिस अब गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ एक्शन तेज कर दी है। बताया जाता है कि पिछले 5 वर्षों से लगातार अपराध में सक्रिय रहने वाले प्रियांशु सिंह 26 वर्ष पिता मनोज सिंह, देवेंद्र केवट उर्फ़ सोनू 23 वर्ष एवं मानिकेश सिंह के खिलाफ पुलिस ने अलग अलग प्रतिबंधात्मक कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। न्यायाधीश पर अटैच के मुख्य आरोपी प्रियांशु सिंह की गुंडा फाइल बनाने की कार्यवाही तेज कर दी है। साथ ही आने वाले दिनों में जिलाबदर भी पेश किया जाएगा।सोमवार को पेश किए गए बदमाशों के जिला जेल अनूपपुर दाखिला कराया गया। घटना के बाद जहां न्यायाधीश एवं उनके परिजनों में डर का आलम बना हुआ है वहीं घटना के चार दिनों बाद भी आवासों पर किसी प्रकार सुरक्षा कर्मचारियों की रेगुलर ड्यूटी तैनाती की व्यवस्था नहीं की गई है। सनसनीखेज घटना को लेकर अधिवक्ताओं में जमकर आक्रोश देखा जा रहा है। अधिवक्ताओं का आरोप है पुलिस के लचर कार्यप्रणाली के कारण सुरक्षा में चूक हुई और अपराधियों पर सख्त कार्यवाही न किए जाने के कारण हौसले बढे हुए हैं। जिससे ऐसी वारदात हुई। पूरे मामले को लेकर जहां जिले में चर्चा जोरो पर है। अधिवक्ताओं द्वारा सुरक्षा की मांग करते हुए घटना की शिकायत राज्यपाल, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, राज्यपाल सहित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को किया गया है। घटना के बाद न्यायालय परिसर में पुलिस गश्त बढ़ाई गई है।



## कोतमा पुलिस ने आत्महत्या के दुष्प्रेरण के फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक रत्नाम्बर शुक्ल के नेतृत्व में धारा 108, 3(5) बीएनएस के फरार आरोपी अरविन्द कुमार त्रिपाठी पिता रामलखन त्रिपाठी निवासी ग्राम छुल्हा को कोतमा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। ज्ञात हो कि 23.08.2025 को बहोरीलाल साहू पिता छोटेलाल साहू निवासी ग्राम छुल्हा थाना कोतमा के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। जिस पर थाना कोतमा में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। मर्ग जांच दौरान साक्षियों एवं परिजनो से पूछताछ पर पाया गया कि गांव के रामलखन त्रिपाठी एवं उसके लडके राजेन्द्र त्रिपाठी, अरविन्द त्रिपाठी एवं मृतक अपनी स्वयं की पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या किया है। मर्ग जांच पर उक्त आरोपियों के खिलाफ धारा 108,3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था। दौरान विवेचना मे 2 आरोपी राजेन्द्र त्रिपाठी एवं गीता साहू की गिरफ्तारी पूर्व में की जा चुकी है। आरोपी अरविन्द त्रिपाठी पिता रामलखन त्रिपाठी निवासी ग्राम छुल्हा का घटना दिनांक से निरन्तर फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। आरोपी अरविन्द त्रिपाठी को कोतमा पुलिस द्वारा दबिश देकर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## नदी को जानो मां नर्मदा संवाद में संत दादा गुरु भगवान का संदेश






### मां नर्मदा की गुरूजी ने उतारी आरती, सबके मंगल की कामना

**हरिभूमि न्यूजअमरकंटक। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक के योग विभाग में मंगलवार को सुबह 10 बजे "मां नर्मदा संवाद- एक साधना, एक जागरण" विषय पर एक दिवसीय संत व्याख्यान उत्सव सिद्ध महायोगी संत श्री दादा गुरु भगवान के सानिध्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. व्योमकेश त्रिपाठी, प्रो. खेम सिंह डेहरिया, प्रो. विकास सिंह, डॉ. अशोक भास्कर, सहित विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।**

### मां की सेवा ही सच्ची साधना- संत दादा गुरु भगवान

मुख्य अतिथि संत दादा गुरु भगवान ने अपने आशीर्वचन में कहा कि नदी को जानो, क्योंकि मां नर्मदा केवल जल नहीं, जीवन का सार है। जैसे मां अपने आंचल में बच्चों का पालन करती है, वैसे ही मां नर्मदा संपूर्ण सृष्टि का पोषण करती हैं। मां की सेवा ही सच्ची साधना है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले समय में मां नर्मदांचल का नाम विश्व पटल पर गर्व के साथ लिया जाएगा। संत श्री के इन वचनों ने उपस्थित जनों को गहराई से प्रभावित किया।

### शामिल हुए विद्यार्थी और अधिकारी

विश्वविद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। विभिन्न विभागों के शिक्षकों और अधिकारियों ने "नदी और मानव का संबंध" विषय पर अपने विचार भी साझा किए। कार्यक्रम का उद्देश्य नदी संरक्षण, पर्यावरण चेतना और सांस्कृतिक जागरण को जन-जन तक पहुँचाना रहा। संत श्री दादा गुरु भगवान का स्वागत कुलपति प्रो. व्योमकेश त्रिपाठी, प्रो. खेम सिंह डेहरिया, प्रो. विकास सिंह और डॉ. अशोक भास्कर द्वारा शाल-श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कुंज बिहारी सुलखिया ने किया।

### मां नर्मदा उद्गम स्थल पर किया पूजन-अर्चन

अमरकंटक। सुप्रसिद्ध संत, मां नर्मदा के अनन्य भक्त एवं नर्मदा परिक्रमा वासी दादा गुरु महाराज ने मंगलवार को पतित पावनी मां नर्मदा जी के उद्गम स्थल पर पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन-अर्चन, आरती एवं दर्शन किए। मां नर्मदा मंदिर परिसर में दादा गुरु महाराज ने मां नर्मदा जी का साष्टांग दंडवत प्रणाम कर सर्वजन मंगल की कामना की और मां से विश्व कल्याण का आशीर्वाद मांगा। पूजन-अर्चन कार्यक्रम का संचालन पंडित कामता प्रसाद द्विवेदी 'नीलू महाराज', पंडित उमेश द्विवेदी 'बंटी महाराज' और पंडित दिनेश द्विवेदी 'वंदे महाराज' द्वारा पूर्ण धार्मिक वातावरण में कराया गया। पूरे मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रों की ध्वनि और भक्तिभाव का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर दादा गुरु महाराज के सैकड़ों शिष्य, भक्त एवं अनुयायी उपस्थित रहे।

### नवंबर में फिर आने का आश्वासन

दर्शन के पश्चात दादा गुरु महाराज ने डिंडोरी जिले के लिए प्रस्थान किये। उनके साथ सैकड़ों की संख्या में शिष्य और भक्तगण उपस्थित रहे। संत दादा गुरु महाराज ने कहा कि वे नवंबर माह में पुनः अमरकंटक आयेंगे। भक्तों का मानना है कि इस बार उनके आगमन पर वे पुनः नर्मदा परिक्रमा का शुभारंभ कर सकते हैं।

## एसआईआर के संबंध में राजनैतिक दलों की बैठक संपन्न




**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा- निर्देशों के अनुरूप निर्वाचक नामावली (मतदाता सूची) के विशेष गहन पुनरीक्षण- 2026 (एसआईआर) कार्यक्रम के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षल पंचोली की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों की बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय में किया गया। बैठक में राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों को अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। बताया गया की 4 नवंबर 2025 से 4 दिसंबर 2025 तक बीएलओ द्वारा निर्वाचक नामावली के गणना प्रपत्र घर-घर वितरण किया जाकर जानकारी एकत्र की जाएगी यह पूरी प्रक्रिया एक माह तक संचालित की जाएगी गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग हेतु राजनैतिक दलों से प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए मतदान केंद्र अभिकर्ता (बीएलए) की नियुक्ति कर सूची उपलब्ध कराने की बात कही गई है ताकि कोई भी पात्र नागरिक न छूटे,व कोई भी अपात्र व्यक्ति सम्मिलित ना हो पारदर्शी तरीके से त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार हो सके। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि मतदाता सूची 9 दिसंबर 2025 को प्रकाशित की जाएगी तत्पश्चात 9 दिसंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक दावा आपत्ति प्राप्त की जाकर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा 31 जनवरी 2026 तक निराकरण किया जाकर अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा। बताया गया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के मान से निर्धारित फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में सभी आवश्यक कार्यवाही निर्धारित कार्यक्रम व समय सीमा पर सुनिश्चित किया जाएगा। इस संबंध में 28 अक्टूबर से 3 नवंबर 2025 तक विधानसभा स्तर पर बीएलओ,बीएलओ पर्यवेक्षको का प्रशिक्षण आयोजित किए जाने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षल पंचोली ने रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए है।

### शासकीय सेवकों के लिए आनंदित व्यवहार कार्यशाला का आयोजन संपन्न

**अनूपपुर।** राज्य आनंद संस्थान भोपाल आनंद विभाग मध्यप्रदेश शासन एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वाधान में जनपद पंचायत अनूपपुर के सभागार में शासकीय सेवकों के लिए आनंदित व्यवहार कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता व सरस्वती जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अनूपपुर की अध्यक्ष श्रीमती धनमति सिंह, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय, जनपद पंचायत अनूपपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजीव ग्वाल, राज्य आनंद संस्थान भोपाल से राजकुमार राठौर, मास्टर ट्रेनर सुश्री नेहा तिवारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी केके वर्मा, जन अभियान परिषद के विकास खंड समन्वयक फते सिंह, विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी, जनअभियान परिषद के नगर विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों सहित मेंटर्स, प्रतिभागी उपस्थित थे।

## डॉ. एहसान अली अंसारी बने जिला कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल, नई दिल्ली के मुख्य संगठक लालजी देसाई ने मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश संगठक योगेश यादव, राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश प्रभारी प्रताप नारायण मिश्रा, तथा शहडोल संभाग प्रभारी रमेश द्विवेदी की सहमति से डॉ. एहसान अली अंसारी को अनूपपुर जिला कांग्रेस सेवा दल का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। डॉ. एहसान अली अंसारी इससे पूर्व भी इसी पद पर कार्य कर चुके हैं। अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने संगठन को मजबूत बनाते हुए कांग्रेस सेवा दल को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया था। संगठनात्मक अनुभव और समर्पण को देखते हुए एक बार फिर राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताया है। डॉ. अंसारी कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश प्रशिक्षक भी हैं। उन्होंने कई प्रशिक्षण शिविरों में सैकड़ों कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया है और निरंतर कांग्रेस की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ने उनसे अपेक्षा की है कि वे संगठन को और अधिक सशक्त करते हुए कांग्रेस जनों को टीम भावना से जोड़कर सक्रियता बढ़ाएँगे। डॉ. एहसान अली अंसारी को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्याम कुमार (गुड्डू) चौहान, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह, पूर्व विधायक सुनील सराफ व मनोज अग्रवाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रेम कुमार त्रिपाठी, रामखेलावन राठौर, मयंक त्रिपाठी, आशीष त्रिपाठी, वासुदेव चटर्जी, जीवेन्द्र सिंह, जे.पी. श्रीवास्तव, संतोष पांडे, धनंजय तिवारी, राम सजीवन गौतम, प्रदीप मिश्रा, अमरकंटक नगर परिषद अध्यक्ष पार्वती सिंह, उपाध्यक्ष रज्जू सिंह नेताम, उषा सिंह, विमला दुबे, देवेंद्र जैन, वीरू तंबोली, अंकेश्वरी सिंह परस्ते, नीतू चौधरी ने बधाई दी है।